साहित्य अकादेमी

स्वच्छता पखवाड़ा (16 सितंबर से 02 अक्टूबर 2017)

साहित्य अकादेमी द्वारा मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत आज दिनांक 21 सितंबर 2017 को रवींद्र भवन परिसर में साहित्य अकादेमी के सचिव एवं अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर परिसर के विभिन्न हिस्सों में छह से ज्यादा पौधे लगाए गए जिनमें मुख्यत: नीम, आम, अश्वगंधा, चमेली आदि के औषधीय एवं फूलदार पौधे थे। इस अवसर पर सचिव महोदय ने सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से अनुरोध किया कि परिसर में लगाए गए इन पौधों की देखभाल के साथ-साथ पिछली बार लगाए गए पौधों का भी अच्छी तरह से ध्यान रखा जाए जिससे यह पूरा आयोजन रस्मी न होकर सार्थक हो। उन्होंने सभी कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ की याद दिलाते हुए कहा कि वे अपने कक्षों और उसके आस-पास साफ-सफाई के लिए श्रमदान अवश्य करें। इस अवसर पर सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को स्वच्छता मिशन के लोगो वाली टी-शर्ट भी वितरित की गई।